# UPSC CSE
# MAINS
# GS & ESSAY
# QUESTION PAPER
# 2021

The UNIQUE academy

# I N D E X

## UPSC Mains Question Papers 2021


(1) Essay 03

(2) GS-I : Indian Heritage and Culture, History and Geography of the World and Society 05

(3) GS-II : Governance, Constitution, Polity, Social Justice and International relations 08

(4) GS-III : Technology, Economic Development, Bio-diversity, Environment, Security and Disaster Management 12

(5) GS-IV : Ethics, Integrity and Aptitude 15

# UPSC
# Civil Services Mains
# 2021

## Essay

| Time Allowed : 3 Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

निम्न खण्ड A व B प्रत्येक से **एक** विषय चुनकर **दो** निबन्ध लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 1000–1200 शब्दों का होः

Write **two** essays, choosing **one** topic from each of the following Sections A and B, in about 1000 - 1200 Words each. **125×2 =250**

### खण्ड–A / SECTION 'A'

(1) आत्म–संधान की प्रक्रिया अब तकनीकी रुप से वाह्य स्रोतों को सौंप दी गई है।

The process of self-discovery has now been technologically outsourced.

(2) आप की मेरे बारे में धारणा, आपकी सोच दर्शाती है; आपके प्रति मेरी प्रतिक्रिया, मेरा संस्कार है।

Your perception of me is reflection of you; my reaction to you is an awareness of me

(3) इच्छारहित होने का दर्शन काल्पनिक आदर्श (युटोपिया) है, जबकि भौतिकता माया है।

Philosophy of wantlessness is Utopian, While materialism is a chimera.

(4) सत् ही यथार्थ है और यथार्थ ही सत् है।

The real is rational and the rational is real.

## खण्ड–B / SECTION 'B'

(5) पालना झुलाने वाले हाथों में ही संसार की बागडोर होती है।

Hand that rocks the cradle rules the world.

(6) शोध क्या है, ज्ञान के साथ एक अजनबी मुलाकात।

What is research, but a blind date with knowledge !

(7) इतिहास स्वयं को दोहराता है, पहली बार एक त्रासदी के रुप में, दुसरी बार एक प्रहसन के रुप में।

History repeats itself, first as a tragedy, second as a farce.

(8) ''सर्वोत्तम कार्यप्रणाली'' से बेहतर कार्यप्रणालियाँ भी होती हैं।

There are better practices to "best Practices".

■■■

# GS-I Indian Heritage and Culture, History and Geography of the World and Society

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 250**

Answer all the questions in **NOT MORE THAN 200** words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks. **(12½ ×20=250)**

(1) भक्ति साहित्य की प्रकृति का मूल्यांकन करते हुए भारतीय संस्कृति में इसके योगदान का निर्धारण कीजिए ।

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Evaluate the nature of the Bhakti Literature and its contribution to Indian culture.

**(Answer in 150 words) 10**

(2) यंग बंगाल एवं ब्राह्मो समाज के विशेष संदर्भ में सामाजिक-धार्मिक सुधार आन्दोलनों के उत्थान तथा विकास को रेखांकित कीजिए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Trace the rise and growth of socio-religious reform movements with special reference to young Bengal and Brahmo Samaj. **(Answer in 150 words)**

(3) भारतीय रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया में मुख्य प्रशासनिक मुद्दों एवं सामाजिक-सांस्कृतिक समस्याओं का आकलन कीजिए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Assess the main administrative issues and socio-cultural problems in the integration process of Indian Princely States. **(Answer in 150 words) 10**

(4) हिमालय क्षेत्र तथा पश्चिमी घाटों में भू-स्खलनों के विभिन्न कारणों का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Differentiate the causes of landslides in the Himalayan region and Western Ghats.

**(Answer in 150 words) 10**

(5) गोंडवानालैंड के देशों में से एक होने के बावजूद भारत के खनन उद्योग अपने सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में बहुत कम प्रतिशत का योगदान देते हैं । विवेचना कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Despite India being one of the countries of the Gondwanaland, its mining industry contributes much less to its Gross Domestic Product (GDP) in percentage. Discuss.

**(Answer in 150 words) 10**

(6) शहरी भूमि उपयोग के लिए जल निकायों से भूमि-उद्धार के पर्यावरणीय प्रभाव क्या हैं ? उदाहरणों सहित समझाइए ।

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What are the environmental implications of the reclamation of water bodies into urban land use ? Explain with examples. **(Answer in 150 words) 10**

(7) 2021 में घटित ज्वालामुखी विस्फोटों की वैश्विक घटनाओं का उल्लेख करते हुए क्षेत्रीय पर्यावरण पर उनके द्वारा पड़े प्रभाव को बताइए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Mention the global occurrence of volcanic eruptions in 2021 and their impact on regional environment. **(Answer in 150 words)& 10**

(8) भारत को एक उपमहाद्वीप क्यों माना जाता है ? विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Why is India considered as a subcontinent ? Elaborate your answer. **(Answer in 150 words)10**

(9) मुख्यधारा के ज्ञान और सांस्कृतिक प्रणालियों की तुलना में आदिवासी ज्ञान प्रणाली की विशिष्टता की जाँच कीजिए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Examine the uniqueness of tribal knowledge system when compared with mainstream knowledge and cultural systems. **(Answer in 150 words) 10**

(10) भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रक्रिया में 'गिग इकोनॉमी' की भूमिका का परीक्षण कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Examine the role of 'Gig Economy' in the process of empowerment of women in India. **(Answer in 150 words) 10**

(11) नरमपंथियों की भूमिका ने किस सीमा तक व्यापक स्वतंत्रता आन्दोलन का आधार तैयार किया ? टिप्पणी कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

To what extent did the role of the Moderates prepare a base for the wider freedom movement? Comment. **(Answer in 250 words)15**

(12) असहयोग आन्दोलन एवं सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान महात्मा गाँधी के रचनात्मक कार्यक्रमों को स्पष्ट कीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Bring out the constructive programmes of Mahatma Gandhi during Non-Cooperation Movement and Civil Disobedience Movement. **(Answer in 250 words)15**

(13) दोनों विश्व युद्धों के बीच लोकतंत्रीय राज्य प्रणाली के लिए एक गंभीर चुनौती उत्पन्न हुई । इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

There arose a serious challenge to the Democratic State System between the two World Wars. Evaluate the statement. **(Answer in 250 words) 15**

(14) विश्व की प्रमुख पर्वत शृंखलाओं के संरेखण का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए तथा उनके स्थानीय मौसम पर पड़े प्रभावों का सोदाहरण वर्णन कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Briefly mention the alignment of major mountain ranges of the world and explain their impact on local weather conditions, with examples. **(Answer in 250 words) 12**

(15) आर्कटिक की बर्फ और अंटार्कटिक के ग्लेशियरों का पिघलना किस तरह अलग-अलग ढंग से पृथ्वी पर मौसम के स्वरूप और मनुष्य की गतिविधियों पर प्रभाव डालते हैं ? स्पष्ट कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

How do the melting of the Arctic ice and glaciers of the antarctic differently affect the weather patterns and human activities on the Earth ? Explain. **(Answer in 250 words)**

(16) विश्व में खनिज तेल के असमान वितरण के बहुआयामी प्रभावों की विवेचना कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Discuss the multi-dimensional implications of uneven distribution of mineral oil in the world. **(Answer in 250 words)**

(17) भारत के प्रमुख शहरों में आई.टी. उद्योगों के विकास से उत्पन्न होने वाले मुख्य सामाजिक-आर्थिक प्रभाव क्या हैं ? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What are the main socio-economic implications arising out of the development of IT industries in major cities of India ? **(Answer in 250 words)**

(18) जनसंख्या शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों की विवेचना करते हुए भारत में इन्हें प्राप्त करने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डालिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए) ।**

Discuss the main objectives of Population Education and point out the measures to achieve them in India in detail. **(Answer in 250 words)**

(19) क्रिप्टोकरेंसी क्या है ? वैश्विक समाज को यह कैसे प्रभावित करती है ? क्या यह भारतीय समाज को भी प्रभावित कर रही है ? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What is Cryptocurrency ? How does it affect global society ? Has it been affecting Indian society also ? **(Answer in 250 words)**

(20) भारतीय समाज पारम्परिक सामाजिक मूल्यों में निरंतरता कैसे बनाए रखता है ? इनमें होने वाले परिवर्तनों का विवरण दीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

How does Indian society maintain continuity in traditional social values ? Enumerate the changes taking place in it. **(Answer in 250 words)**

■■■

# GS-II Governance, Constitution, Polity, Social Justice and International Relations

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 250**

Answer all the questions in **NOT MORE THAN 200** words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks. **($12^{1/2} \times 20 = 250$)**

(1) 'संवैधानिक नैतिकता' की जड संविधान में ही निहित है और इसके तात्विक फलकों पर आधारित है। संवैधानिक नैतिकता के सिद्धांत की प्रासंगिक न्यायिक निर्णयों की सहायता से विवेचना कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Constitutional Morality' is rooted in the Constitution itself and is founded on its essential facets. Explain the doctrine of 'Constutional Morality' with the help of relevant judicial decisions. **(Answer in 150 words) 10**

(2) विविधता, समता और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए उच्चतर न्यायपालिका में माहिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की वांछनीयता पर चर्चा कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Discuss the desirability of greater representation to women in the higher judiciary to ensure diversity, equity and inclusiveness. **(Answer in 150 words) 10**

(3) भारत के 14वें वित्त आयोग की संस्तुतियों ने राज्यों को अपनी राजकोषीय स्थिती सुधारने में कैसे सक्षम किया है? **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

How have the recommendations of the 14th Finance Commission of India enabled the states to improve their fiscal position? **(Answer in 150 words) 10**

(4) आपकी दृष्टी में, भारत में कार्यपालिका की जवाबदेही को निश्चित करने में संसद कहाँ तक समर्थ है? **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

To what extent, in your view, the Parliament is able to ensure accountability of the executive in India? **(Answer in 150 words) 10**

(5) ''भारत में सार्वजनिक नीती बनाने में दबाव समूह महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' समझाइए कि व्यवसाय संघ, सार्वजनिक नीतियों में किस प्रकार योगदान करते हैं। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"Pressure groups play a vital role in influencing public policy making in India." Explain how the business associations contribute to public policies. **(Answer in 150 words) 10**

(6) ''एक कल्याणकारी राज्य की नैतिक अनिवार्यता के अलावा, प्राथमिक स्वास्थ संरचना धारणीय विकास की एक आवश्यक पूर्व शर्त है।'' विश्लेषण कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"Besides being a moral imperative of Welfare State, primary health structure is a necessary pre-condition for sustainable development." Analyze. **(Answer in 150 words) 10**

(7) ''व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को सार्थक बनाने के लिए 'सीखते हुए कमाना (अर्न व्हाइल यू लर्न)' की योजना को सशक्त करने की आवश्यकता है।'' टिप्पणी कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"'Earn while you learn' scheme needs to be strengthened to make vocational education and skill training meaningful." Comment. **(Answer in 150 words) 10**

(8) क्या लैंगिक असमानता, गरीबी और कुपोषण के दुश्चक्र को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सूक्ष्म वित्त (माइक्रोफाइनेन्स) प्रदान करके तोड़ा जा सकता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Can the vicious cycle of gender inequality, poverty and malnutrition be broken through microfinancing of women SHGs? Explain with examples. **(Answer in 150 words) 10**

(9) ''यदि विगत कुछ दशक एशिया के विकास की कहानी के रहे, तो परवर्ती कुछ दशक अफ्रीका के हो सकते है।'' इस कथन के आलोक में, हाल के वर्षो में अफ्रीका में भारत के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"If the last few decades were of Asia's growth story, the next few are expected to be of Africa's." In the light of this statement, examine India's influence in Africa in recent years. **(Answer in 150 words) 10**

(10) ''संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन के रुप में एक ऐसे अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है जो तत्कालीन सोवियत संघ की तुलना में कहीं अधिक चुनोंतीपूर्ण है।'' विवेचना कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"The USA is facing an existential threat in the form of a China, that is much more challenging than the erstwhile Soviet Union." Explain. **(Answer in 150 words) 10**

(11) एक राज्य – विशेष के अन्दर प्रथम सूचना रिपोर्ट दायर करने तथा जाँच करने के केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी. बी. आइ.) के क्षेत्राधिकार पर कई राज्य प्रश्न उठा रहे हैं। हलांकि, सी. बी. आइ. जाँच के लिए राज्यों द्वारा दी गई सहमति को रोके रखने की शक्ति आत्यंतिक नहीं है। भारत के संघीय ढाँचे के विशेष संदर्भ में विवेचना कीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

The jurisdiction of the Central Bureau of Investigation(CBI) regarding lodging an FIR and conducting probe within a particular state is being questioned by various States. However, the power of States to withhold consent to the CBI is not absolute. Explain with special reference to the federal character of India. **(Answer in 250 words) 15**

(12) यद्यपि मानवाधिकार आयोगों ने भारत में मानव अधिकारों के संरक्षण में काफी हद तक योगदान दिया है, फिर भी वे ताकतवर और प्रभावशालियों के विरुद्ध अधिकार जताने में असफल रहे हैं। इनकी संरचनात्मक और व्यावहारिक सीमाओं का विश्लेषण करते हुए सुधारात्मक उपायों के सुझाव दीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Though the Human Rights Commissions have contributed immensely to the protection of human rights in India, yet they have failed to assert themselves against the mighty and powerful. Analyzing their structural and practical limitations, suggest remedial measures. **(Answer in 250 words) 15**

(13) संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के संविधानों में, समता के अधिकार की धारणा की विशिष्ट विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Analyze the distinguishing features of the notion of Equality in the Constitutions of the USA and India. **(Answer in 250 words) 15**

(14) उन संवैधानिक प्रावधानों को समझाइए जिनके अंतर्गत विधान - परिषदें स्थापित होती है। उपयुक्त उदाहरणों के साथ विधान-परिषदों के कार्य और वर्तमान स्थिती का मूल्यांकन कीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Explain the constitutional provisions under which Legislative Councils are established. Review the working and current status of Legislative Councils with suitable illustrations. **(Answer in 250 words) 15**

(15) क्या विभागों से संबंधित संसदीय स्थायी समितियाँ प्रशासन को अपने पैर की उंगलियों पर रखती है और संसदीय नियंत्रण के लिए सम्मान-प्रदर्शन हेतु प्रेरित करती है? उपयुक्त उदाहरणों के साथ ऐसी समितियों के कार्यों का मूल्यांकन कीजिए।

**(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Do Department - related Parliamentary Standing Committees keep the administration on its toes and inspire reverence for parliamentary control? Evaluate the working of such committees with suitable examples. **(Answer in 250 words) 15**

(16) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से, डिजिटल निरक्षरता ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिका (आइ. सी. टी.) की अल्प-उपलब्धता के साथ मिलकर सामाजिक-आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न किया है? औचित्य सहित परीक्षण कीजिए।

**(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Has digital illiteracy, particularly in rural areas, couple with lack of Information and Communication Technology(ICT) accessibility hindered socio-economic development? Examine with justification. **(Answer in 250 words) 15**

(17) ''यद्यपि स्वातंत्र्योत्तर भारत में महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है, इसके बावजूद महिलाओं और नारीवादी आन्दोलन के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण पितृसत्तात्मक रहा है।'' महिला शिक्षा और महिला सशक्तीकरण की योजनाओं के अतिरिक्त कौन-से हस्तक्षेप इस परिवेश के परिवर्तन में सहायक हो सकते हैं? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

"Though women in post-Independent India have excelled in various fields, the social attitude towards women and feminist movement has been patriarchal." Apart from women education and women empowerment schemes, what interventions can help change this milieu? **(Answer in 250 words) 15**

(18) क्या नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठन, आम नागरिक को लाभ प्रदान करने के लिए लोक सेवा प्रदायगी का वैकल्पिक प्रतिमान प्रस्तुत कर सकते हैं? इस वैकल्पिक प्रतिमान की चुनौतियों की विवेचना कीजिए।

**(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Can Civil Society and Non-Governmental Organizations present an alternative model of public service delivery to benefit the common citizen? Discuss the challenges of this alternative model. **(Answer in 250 words) 15**

(19) एस.सी.ओ. के लक्ष्यों और उद्देश्यों का विश्लेषणात्मक परीक्षण कीजिए। भारत के लिए इसका क्या महत्त्व है?

**(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Critically examine the aims and objectives of SCO. what importance does it hold for India? **(Answer in 250 words) 15**

(20) भारत - प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की महत्त्वाकांक्षाओं का मुकाबला करना नई त्रि-राष्ट्र साझेदारी AUKUS का उद्देश्य है। क्या यह इस क्षेत्र में मौजूदा साझेदारी का स्थान लेने जा रहा है? वर्तमान परिदृश्य में, AUKUS की शक्ति और प्रभाव की विवेचना कीजिए। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

The newly tri-nation partnership AUKUS is aimed at countering China's ambitions in the Indo-Pacific region. Is it going to supersede the existing partnerships in the region? Discuss the strenght and impact of AUKUS in the present scenario. **(Answer in 250 words) 15**

■■■

# GS-III Technology, Economic Development, Bio-diversity, Environment, Security and Disaster Management

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 250**

Answer all the questions in **NOT MORE THAN 200** words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks. ($12^{1/2} \times 20 = 250$)

(1) भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) 2015 के पूर्व तथा वर्ष 2015 के पश्चात् परिकलन विधि में अन्तर की व्याख्या कीजिए। **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Explain the difference between computing methodology of India's Gross Domestic Product (GDP) before the year 2015 and after the year 2015. **(Answer in 150 words) 10**

(2) पूँजी बजट तथा राजस्व बजट के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए । इन दोनों बजटों के संघटकों को समझाइए ।

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Distinguish between Capital Budget and Revenue Budget. Explain the components of both these Budgets. **(Answer in 150 words)**

(3) देश के कुछ भागों में भूमि सुधारों ने सीमांत और लघु किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिती को सुधारने के लिए किस प्रकार सहायता की है? **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

How did land reforms in some parts of the country help to improve the socio-economic conditions of marginal and small farmers ? **(Answer in 150 words)**

(4) भारत के जल संकट के समाधान में, सूक्ष्म-सिंचाई कैसे और किस सीमा तक सहायक होगी?

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

How and to what extent would micro-irrigation help in solving India's water crisis ? **(Answer in 150 words)**

(5) S-400 हवाई रक्षा प्रणाली, विश्व में इस समय उपलब्ध अन्य किसी प्रणाली की तुलना में किस प्रकार से तकनीकी रूप से श्रेष्ठ है ? **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

How is S-400 air defence system technically superior to any other system presently available in the world? **(Answer in 150 words)**

(6) नवम्बर, 2021 में ग्लासगो में विश्व के नेताओं के शिखर सम्मेलन में सी.ओ.पी. 26 संयुक्त राष्ट्र जलवायू परिवर्तन सम्मेलन में, आरम्भ की गई हरित ग्रिड पहल का प्रयोजन स्पष्ट कीजिए।

अन्तर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आई.एस.ए.) में यह विचार पहली बार कब दिया गया था ? **(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Explain the purpose of the Green Grid Initiative launched at World Leaders Summit of the COP26 UN Climate Change Conference in Glasgow in November, 2021. When was this idea first floated in the International Solar Alliance (ISA) ? **(Answer in 150 words)**

(7) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) द्वारा हाल ही में जारी किए गए संशोधित वैश्विक वायू गुणवत्ता दिशानिर्देशों (ए.क्यू.जी.) के मुख्य बिन्दुओं का वर्णन कीजिए। विगत 2005 के अद्यतन से, ये किस प्रकार भिन्न हैं ? इन संशोधित मानकों को प्राप्त करने के लिए, भारत के राष्ट्रीय स्वच्छ वायू कार्यक्रम में किन परिवर्तनों की आवश्यकता है?

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिये)**

Describe the key points of the revised Global Air Quality Guidelines (AQGs) recently released by the World Health Organisation (WHO). How are these different from its last update in 2005? What changes in India's National Clean Air Programme are required to achieve these revised standards ? **(Answer in 150 words)**

(8) भूकम्प संबंधित संकटों के लिए भारत की भेद्यता की विवेचना कीजिए । पिछले तीन दशकों में, भारत के विभिन्न भागों में भूकम्प द्वारा उत्पन्न बड़ी आपदाओं के उदाहरण प्रमुख विशेषताओं के साथ दीजिए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Discuss about the vulnerability of India to earthquake related hazards. Give examples including the salient features of major disasters caused by earthquakes in different parts of India during the last three decades. **(Answer in 150 words)**

(9) चर्चा कीजिए कि किस प्रकार उभरती प्रौद्योगिकियाँ और वैश्वीकरण मनी लॉन्ड्रिंग में योगदान करते हैं । राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर मनी लॉन्ड्रिंग की समस्या से निपटने के लिए किए जाने वाले उपायों को विस्तार से समझाइए।

**(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Discuss how emerging technologies and globalisation contribute to money laundering. Elaborate measures to tackle the problem of money laundering both at national and international levels. **(Answer in 150 words)**

(10) भारत की आन्तरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हए, सीमा-पार से होने वाले साइबर हमलों के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । साथ ही, इन परिष्कृत हमलों के विरुद्ध रक्षात्मक उपायों की चर्चा कीजिए । **(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Keeping in view India's internal security, analyse the impact of cross-border cyber attacks. Also discuss defensive measures against these sophisticated attacks. **(Answer in 150 words)**

(11) क्या आप सहमत हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने हाल ही में v-आकार के पुनरुत्थान का अनुभव किया है ? कारण सहित अपने उत्तर की पुष्टी कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Do you agree that the Indian economy has recently experienced V- shapes recovery? Give reasons in support of your answer. **(Answer in 250 words)**

(12) तीव्रतर एवं समावेशी आर्थिक संवृद्धी के लिए आधारिक-अवसंरचना में निवेश आवश्यक है। भारतीय अनुभव के परिप्रेक्ष्य में विवेचना कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

"Investment in infrastructure is essential for more rapid and inclusive economic growth. "Discuss in the light of India's experience. **(Answer in 250 words)**

(13) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ? खाद्य सुरक्षा विधेयक ने भारत भूख तथा कुपोषण को दूर करने में किस प्रकार सहायता की है ? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What are the salient features of the National Food Security Act, 2013 ? How has the Food Security Bill helped in eliminating hunger and malnutrition in India?**(Answer in 250 words)**

(14) फ़सल विविधता के समक्ष मौजूदा चुनौतियाँ क्या हैं? उभरती प्रौद्योगिकियाँ फ़सल विविधता के लिए किस प्रकार अवसर प्रदान करती हैं? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What are the present challenges before crop diversification? How do emerging technologies provide an opportunity for crop diversification? (Answer in 250 words)

(15) अनुप्रयुक्त जैव-प्रौद्योगिकी में शोध तथा विकास-सम्बन्धी उपलब्धियाँ क्या हैं? ये उपलब्धियाँ समाज के निर्धन वर्गों के उत्थान में किस प्रकार सहायक होंगी ? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

What are the research and developmental achievements in applied biotechnology/? How will these achievements help to uplift the poorer sections of the society? **(Answer in 250 words)**

(16) वर्ष 2014 में/भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से आकासाकी, अमानो तथा नाकामुरा को 1990 के दशक में नीली एल.ई.डी. के आविष्कार के लिए प्रदान किया गया था । इस आविष्कार ने मानव-जाती के दैनंदिन जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ? **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

The Nobel Prize in Physics of 2014 was jointly awarded to Akasaki, Amano and Nakamura for the invention of Blue LEDs in 1990s. How has this invention impacted the everyday life of human beings ? **(Answer in 250 words)**

(17) संयुक्त राष्ट्र जलवायू परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन (यू.एन.एफ.सी.सी.सी.) के सी.ओ.पी. के 26 वें सत्र के प्रमुख परिणामों का वर्णन कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Describe the major outcomes of the 26th session of the Conference of the Parties (COP) to the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC). What are the commitments made by India in this conference? **(Answer in 250 words)**

(18) भू-स्खलन के विभिन्न कारणों और प्रभावों का वर्णन कीजिए । राष्ट्रीय भू-स्खलन जोखिम प्रबंधन रणनीति के महत्त्वपूर्ण घटकों का उल्लेख कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Describe the various causes and the effects of landslides. Mention the important components of the National Landslide Risk Management Strategy. **(Answer in 250 words)**

(19) भारत की आन्तरिक सुरक्षा के लिए बाह्य राज्य और गैर-राज्य कारकों द्वारा प्रस्तुत बहुआयामी चुनौतियों का विश्लेषण कीजिए । इन सकटा का मुकाबला करने के लिए आवश्यक उपायों की भी चर्चा कीजिए । **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Analyse the multidimensıonal challenges posed by external state and non-state actors, to the internal security of India. Also discuss measures required to be taken to combat these threats. **(Answer in 250 words)**

(20) आतंकवाद की जटिलता और तीव्रता, इसके कारणों, सम्बन्धों तथा अप्रिय गठजोड़ का विश्लेषण कीजिए । आतंकवाद के खतरे के उन्मूलन के लिए उठाए जाने वाले उपायों का भी सुझाव दीजिए्। **(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)**

Analyse the complexity and intensity of terrorism, its causes, linkages and obnoxious nexus. Also suggest measures required to be taken to eradicate the menace of terrorism. **(Answer in 250 words)**

■■■

# GS-IV Ethics, Integrity and Aptitude

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 250**

Answer all the questions in **NOT MORE THAN 200** words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks. ($12^{1/2} \times 20 = 250$)

**खण्ड 'A' SECTION 'A'**

(1) (a) उन पाँच नैतिक लक्षागों की पहचान कीजिए, जिनके आधार पर लोक सेवक के कार्य-निष्पादन का आकलन किया जा सकता है। मेट्रिक्स में उनके समावेश का औचित्य सिद्ध कीजिए। **(उत्तर 150 शब्दों में दीजीए)**

Identify five ethical traits on which one can plot the performance of a civil servant. Justify their inclusion in the matrix. **(Answer in 150 words)**

(b) उन दस आधारभूत मूल्यों की पहचान कीजिए, जो एक प्रभावी लोक सेवक होने के लिए आवश्यक है। लोक सेवकों में गैर-नैतिक व्यवहार के निवारण के तरीकों और साधनों का वर्णन कीजिए। **(उत्तर 150 शब्दों में दीजीए)**

Identify ten essential values that are needed to be an effective public servant. Describe the ways and means to prevent non-ethical behaviour in the pubic servants. **(150 words) 10**

(2) (a) तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए निवेश (इनपुट) के विश्वसनीय स्रोत के रूप में डिजिटल प्रौद्योगिकी का प्रभाव एक बहस का मुद्दा है। उपयुक्त उदाहरण के साथ आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

Impact of digital technology as reliable source of input for rational decision making is debatable issue. Critically evaluate with suitable example. **(Answer in 150 words)**

(b) नैतिक दुविधाओं का समाधान करते समय एक लोक अधिकारी को कार्यक्षेत्र के ज्ञान के अलावा नव परिवर्तनशीलता और उच्च क्रम की रचनात्मकता की भी आवश्यकता होती है। उपयुक्त उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

**(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

Besides domain knowledge, a public official needs innovativeness and creativity of a high order as well, while resolving ethical dilemmas. Discuss with suitable example. **(Answer in 150 words)**

(3) निम्नलिखित में से प्रत्येक उद्धरण का आपके विचार से क्या अभिप्राय है?

What does each of the following quotations mean to you?

(a) प्रत्येक कार्य की सफलता से पहले उसे सैकड़ों कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। जो दृढनिश्चयी हैं वे ही देर-सबरे प्रकाश को देख पाएंगे। -स्वामी विवेकानंद **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

"Every work has got to pass through hundreds of difficulties before succeeding. Those that persevere will see the light, sooner or later.-Swami Vivekananda

**(Answer in 150 words)**

(b) ''हम बाहरी दुनिया में तब तक शांती प्राप्त नहीं कर सकते जब तक कि हम अपने भीतर शांती प्राप्त नहीं कर लेते''

–दलाई लामा **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

"We can never obtain peace in the outer world until and unless we obtain peace within ourselves." –Dalai Lama **(Answer in 150 words)**

(c) परस्पर निर्भरता के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं हमें एक–दूसरे की जरूरत है और जितनी हम जल्दी सीख लें यह हम सबके लिए उतना ही अच्छा है। एरिक एरिक्सन **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

Life doesn't make any sense without interdependence. We need each other, and the sooner we learn that, it is better for us all." -Erik Erikson word **(Answer in 150 word)**

(4) (a) अभिवृत्ती एक महत्त्वपूर्ण घटक है, जो मानव के विकास में निवेश (इनपुट) का काम करता है। ऐसी उपयुक्त अभिवृत्ति का विकास कैसे करें, जो एक लोक सेवक के लिए आवश्यक है। **(उत्तर 150 शब्दों में दाजीए)**

Attitude is an important component that goes as input in the delopement of human being How to build a suitable needed for a public servant? **(Answer in 150 words)**

(b) उस नैतिकता अथवा नैतिक आदर्श, जिसको आप अंगीकार करते हैं, से समझौता किए बिना क्या भावनात्मक बुद्धी अंतरात्मा के संकट की स्थिती से उबरने में सहायता करती है? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**(उत्तर 150 शब्दों में दाजीए)**

In case of crisis of conscience does emotional intelligence help to overcome the same without compromising the ethical or moral stand that you are likely to follow? Critically examine. **(Answer in 150 words)**

(5) (a) ''शरणार्थियों को उस देश में वापस नहीं लौटाया जाना चाहिए जहाँ उन्हें उत्पीड़न अथवा मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना करना पड़ेगा।'' खुले समाज और लोकतांत्रिक होने का दावा करने वाले किसी राष्ट्र के द्वारा नैतिक आयाम के उल्लंघन के संदर्भ में इस कथन का परीक्षण कीजिए। **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

"Refugees should not be turned back to the country where they would face persecution or human right violation." Examine the statement with reference to ethical dimension being violated by the nation claiming to be democratic with open society.

**(Answer in 150 words)**

(b) क्या सफल लोक सेवक बनने के लिए निष्पक्ष और गैर–पक्षपाती होना अनिवार्य गुण माना जाना चाहिए? दृष्टांत सहित चर्चा कीजिए। **(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

Should impartial and being non-partisan be considered as indispensable qualities to make a successful civil servant? Discuss with illustrations. **(Answer in 150 words)**

(6) (a) न्यायपालिका सहित सार्वजनिक सेवा के हर क्षेत्र में निष्पादन, जवाबदेही और नैतिक आचरण सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र और सशक्त सामाजिक अंकेक्षण तंत्र परम आवश्यक है। सविस्तार समझाइए।

**(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

An independent and empowered social audit mechanism is an absolute must in every sphere of public service, including judiciary, to ensure performance, accountability and ethical conduct. Elaborate. **(Answer in 150 words)**

(b) ''सत्यनिष्ठा ऐसा मूल्य है, जो मनुष्य को सशक्त बनाता है।'' उपयुक्त दृष्टांत सहित औचित्य सिद्ध कीजिए।

**(उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)**

"Integrity is a value that empowers the human being." Justify with suitable illustration.

**(Answer in 150 words)**

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

(7) सुनील एक युवा लोक सेवक है तथा सक्षमता, ईमानदारी समर्पण तथा मुश्किल और दुर्वह कामों के लिए अथक प्रयास हेतू उसकी प्रतिष्ठा है। उसकी प्रोफाइल को देखते हुए उसके अधिकारियों ने उसे एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील कार्यभार को संभालने के लिए चुना था। उसे अवैध बालू खनन के लिए कुख्यात आदिवासी-बहुल जिले में तैनात किया गया। नदी पट्टी से, अनियंत्रित रूप से बालू उत्खनन करके ट्रको से ढोकर उसको काला बाजार में बेचा जा रहा था। यह अवैध बालू खनन माफिया स्थानीय कार्यकर्ताओं और आदिवासी बाहुबलियों के सहयोग से काम कर रहा था जो बदले में चुनिंदा गरीब आदिवासियों को रिश्वत देते रहते थे तथा उनको डरा और धमका कर रखते थे।

सुनील ने एक तेज और ऊर्जावान अधिकारी होने के नाते जमीनी हकीकत पहचानकर और माफिया के द्वारा कुटिल तथा संदिग्ध तंत्र के माध्यम से अपनाए गए उनके तौर-तरीको को तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने पाया कि उसके अपने कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की उनसें मिलीभगत है और उन्होंने उनके साथ घनिष्ठ अवांछनीय गठजोड विकसित कर लिया है। सुनील ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की और उनके बालू से भरे ट्रकों की आवाजाही के अवैध संचालन पर छापे मारना शुरू कर दिया। माफिया भड़क गया क्योंकी पहले बहुत अधिकारियों ने उनके विरुद्ध इतने बड़े कदम नहीं उठाये थे। कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने जो कथित तौर पर माफिया के करीब थे, उनको सूचित किया कि अधिकारी उस जिले में माफिया के अवैध बालू खनन संचालन को साफ करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और उन्हें अपुरणीय क्षति हो सकती है।

माफिया शत्रुतापूर्ण हो गया और जवाबी हमला सुरू किया। आदिवासी बाहुबली और माफिया ने उसको गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देना शुरू कर दिया। उसके परिवार (पत्नी और वृद्ध माता) का पीछा किया जा रहा था, वे उनकी वास्तविक निगरानी में थे जिससे कि उन सभी को मानसिक यातना, यंत्रणा और तनाव हो रहा था। उस समय मामले ने गंभीर रूप धारण कर लिया जब एक बाहुबली उसके कार्यालय में आया और उसको छापे मारना इत्यादि बंद करने की धमकी दी और कहा कि उसका हाल उसके पूर्व अधिकारियों से अलग नहीं होगा (दस वर्ष पूर्व माफिया द्वारा एक अधिकारी की हत्या कर दी गई थी)।

(a) इस स्थिती को संभालने में सुनील के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों की पहचान कीजिए।

(b) आपके द्वारा सूचिबद्ध विकल्पों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

(c) आपके विचार से उपर्युक्त में से कौन-सा विकल्प सुनील के लिए सबसे उपयुक्त होगा और क्यों?

**(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)**

Sunil is a young civil servant and has a reputation for his competence, integrity, dedication and relentness pursuit of difficult and onerous jobs. Considering his profile, he was picked up by his bosses to handle a very challenging and sensitive assignment. He was posted in a tribal dominated district notorious for illegal sand mining. Excavating sand from river belt and transporting through trucks and selling them in black market was rampant. This illegal sand mining mafia was operating with the support of local functionaries and tribal musclemen who in turn were bribing selected poor tribals and had kept the tribals under fear and intimidation.

Sunil being a sharp and energetic officer immediately grasped the ground realities and the modus operandi followed by the mafia through their devious and dubious mechanism. On making inquiries, he gathered that some of their own office employees are in hand and glove with them and have developed close unholy nexus. Sunil initiated stringent action against them and started conducting raids on their illegal operations of movement of trucks filled with sand. The mafia got rattled as not many officers in the past had taken such steps against the mafia. Some of the office employees who were allegedly close to mafia informed them that the officer is determined to clean up the mafia's illegal sand mining operations in that the district and may cause them irrepairable damage.

The mafia turned hostile and launched counter-offensive. The tribal musclemen and mafia srted threatening him with dire consequences. His family (wife and old mother) were stalked and were under virtual surveillance and thus causing mental torture, agony and stress to all of them. The matter assumed serious proportions when a muscleman came to his office and threatened him to stop raids, etc., otherwise, his fate will not be different than some of his predecessors (ten years back one officer was killed by the mafia).

(a) Identify the different options available to Sunil in attending to this situation.

(b) Critically evaluate each of the options listed by you.

(c) Which of the above, do you think, would be the most appropriate for Sunil to adopt and why? **(Answer in 250 words)**

(8) आप एक मध्यवर्गीय शहर में डिग्री कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य है। प्रधानाचार्य हाल ही में सेवानिवृत्त हुए है और प्रबंधन उनके प्रतिस्थापन की तलाश कर रहा है। यह भी माना जाता है कि प्रबंधन आपको प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नत कर सकता है। इस बीच वार्षिक परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय से आए उड़नदस्ते ने दो छात्रों को अनुचित तरीकों का उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। कॉलेज का एक वरिष्ठ व्याख्याता व्यक्तिगत रूप से इन छात्रों को इस कार्य में मदद कर रहा था। यह वरिष्ठ व्याख्याता प्रबंधन का करीबी भी माना जाता था। उनमें से एक छात्र स्थानीय राजनेता का बेटा था, जो कॉलेज वर्तमान प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से संबंधन कराने में मददगार रहा था। दुसरा छात्र एक स्थानीय व्यवसायी का बेटा था, जिसने कॉलेज चलाने के लिए अधिकतम धन दान दिया था। आपने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में तुरंत प्रबंधन को सूचित किया। प्रबंधन ने आपको किसी भी कीमत पर उड़नदस्ते के साथ इस मुद्दे को हल करने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि इस घटना से न केवल कॉलेज की छवि खराब होगी बल्कि राजनेता और व्यवसायी भी कॉलेज के कामकाज के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण व्यक्ती है। आपको यह भी संकेत दिया गया था कि प्रधानाचार्य के रूप में आपकी आगे की पदोन्नती उड़नदस्ते के साथ मुद्दे को हल करने की आपका क्षमता पर निर्भर करती है। इस दौरान

आपके प्रशासन अधिकारी ने सूचित किया कि छात्र संघ के कुछ सदस्य इस घटना में शामिल वरिष्ठ व्याख्याता और छात्रों के खिलाफ कॉलेज के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग कर रहे है।

(a) इस मामले से संबंधित नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

(b) उप-प्रधानाचार्य के रूप में आपके पास उपलब्ध विकल्पों का आलोचनात्मक रूप से परीक्षण कीजिए। आप कौन-सा विकल्प अपनाएंगे और क्यों? **(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)**

You are Vice Principal of a degree college in one of the middle – class towns. Principal has recently retired and management is looking for his replacement. There are also feelers that the management may promote you as Principal. In the meantime, during annual examination the flying squad came from the university caught two students red-hande3d involving in unfair means. A senior lecturer of the college was personally helping these student in this act. This senior lecturer also happens to be close to the management. One of the students was son of a local politician who was responsible in getting college affiliated to the present reputed university. The second student was son of a local businessman who has donated maximum funds for running of the college. You immediately informed the management regarding this unfortunate incident. The management told you to resolve the issue with flying squad at any cost. They further said that such incident will not only tarnish the image of the college but also the politician and businessman are very important personalities for the functioning of the college. You were also given hint that your further promotion to Principal depends on your capability in resolving this issue with flying squad. In the meantime, you were intimated by your administrative officer that certain members of the student union are protesting outside the college gate against the senior lecturer and the students involved in this incident and demanding strict action against defaulters.

(a) Discuss the ethical issues involved in the case.

(b) Critically examine the options available with you as Vice Principal. What option will you adopt and why? **(Answer in 250 words)**

(9) किसी राज्य-विशेष की राजधानी में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए एक एलिवेटेड कारिडोर का निर्माण किया जा रहा है। आपकी पेशेवर क्षमता और अनुभव के आधार पर आपको इस प्रतिष्ठित परियोजना के परियोजना प्रबंधक के रुप में चुना गया है। अगले दो वर्षों में परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा 30 जून 2021 है क्योंकि इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई 2021 के दूसरे सप्ताह में चुनाव की घोषणा से पहले होना है। निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण करते समय, संभवतः खराब सामग्री के इस्तेमाल के कारण एलिवेटेड कॉरिडोर के एक पाये में एक छोटी-सी दरार देखी गई थी। आपने तुरंत मुख्य अभियंता को सूचित किया और आगे का काम रोक दिया। आपके द्वारा यह आकलन किया गया था कि एलिवेटेड कॉरिडोर के कम-से-कम तीन पार्यो को तोड़ना और उनका पुनर्निर्माण किया जाना है। परंतु यह प्रक्रिया परियोजना में कम-से-कम चार महीने की देरी कर देगी। किन मुख्य अभियंता निरक्षण दल के अवलोकन को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि यह एक छोटी-सी दरार है जो किसी भी तरह से पुल की क्षमता और टिकाऊपन को प्रभावित नहीं करेगी। उसने आपको निरीक्षण दल के अवलोकन की अनदेखी कर उसी गति तथा लय के साथ काम जारी रखने का आदेश दिया। उसने आपको सूचित किया कि मंत्री कोई देरी नहीं चाहते है क्योंकि वे एलिवेटेड कॉरिडोर का उदघाटन मुख्यमंत्री से चुनाव की घोषणा होने से पहले करवाना चाहते है। यह भी सूचित किया

कि ठेकेदार मंत्री का दरका रिश्तेदार है और वे चाहते है कि वह इस परियोजना को पूरा करे। उसने आपको इशारा भी किया कि अतिरिक्त अभियंता के रूप में आपकी आगे की पदोन्नति मंत्रालय के विचाराधीन है। तथापि आपने दृढता से महसूस किया कि एलिवेटेट कॉरिडोर के पाये में छोटी-सी दरार पुल की क्षमता और जीवनकाल पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी और इसलिए एलिवेटेड कॉरिडोर की मरम्मत न करना बहुत खतरनाक होगा।

(a) दी गई शर्तों के तहत परियोजना प्रबंधक के रूप में आपके पास कौन-से विकल्प उपलब्ध है?

(b) वे कौन-सी नैतिक दुविधाएं हैं, जिनका परियोजना प्रबंधक सामना कर रहा है?

(c) परियोजना प्रबंधक द्वारा सामना की जाने वाली व्यावसायिक चुनौतियाँ क्या है और न चुनौतियों से पार पाने के लिए उसकी प्रतिक्रिया क्या है?

(d) निरीक्षण दल द्वारा उठाए गए अवलोकन की अनदेखी के परिणाम क्या हो सकते है।

**(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)**

An elevated corridor is being constructed to reduce traffic congestion in the capital of a particular state. You have been selected as project manager of this prestigious project on your professional competence and experience. The deadline is to complete the project in next two years by 20 June, 2021, since this project is to be inaugurated by the Chief Minister before the elections are announced in the second week of July 2021. While carrying out the surprise inspection by inspecting team, a minor crack was noticed in one of the piers of the elevated corridor possibly due to poor material used. You immediately informed the chief engineer and stopped further work. It was assessed by you that minimum three piers of the elevated corridor have to be demolished demolished and reconstructed. But this process will delay the project minimum by four to six months. But the chief engineer overruled the observation of inspecting team on the ground that it was a minor crack which will not in any way impact the strength and durability of the bridge. He ordered you to overlook the observation of inspecting team and continue working with same speed and tempo. He informed you that the minister does not want any delay as he wants the chief Minister to inaugurate the elevated corridor before the elections are declared. Also informed you that the contractor is far relative of the minister and he wants him to finish the project. He also gave you hint that your further promotion as additional chief engineer is under consideration with the ministry. However, you strongly felt that the minor crack in the pier of the elevated corridor will adversely affect the health and life of the bridge and therefore it will be very dangerous not to repair the elevated corridor.

(a) Under the given conditions, what are the options available to you as a project manager?
(b) What are the ethical dilemmas being faced by the project manager?
(c) What are the professional challenges likely to be faced by the project manager and his response to overcome such challenges?
(d) What can be the consequences of overlooking the observation raised by the inspecting team?

**(Answer in 250 words)**

(10) कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) महामारी तेजी से विभिन्न देशों में फैली है। 8 मई, 2020 तक भारत में कोरोना 56342 पॉजिटिव मामले सामने आए थे। भारत को, जिसकी जनसंख्या 1.35 बिलियन से अधिक है, जनसंख्या में कोरोनावायरस के संचरण को नियंत्रित करने में कठिनाई आई थी। इस प्रकोप से निपटने के इस प्रकोप से निपटने के लिए कई रणनीतियाँ आवश्यक गई थी। भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस प्रकोप के बारे में जागरूकता

बढ़ाई और कोविड–19 के प्रसार को नियंत्रण करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाईयाँ कीं। भारत सरकार ने वायरस के संचरण को कम करने के लिए पुरे देश में 55 दिनों का लॉकडाउन लागू किया। स्कूल और कॉलेज में शिक्षण–सीखा–मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के वैकल्पिक तरीके सामने आए। इन दिनो ऑनलाइन मोड लोकप्रिय हो गया।

भारत इस तरह के संकटपूर्ण अचानक हुए हमले के लिए तैयार नहीं था क्योंकी मानव संसाधन, धन और ऐसी स्थिती में देखभाल करने के लिए बुनियादी ढाँचे के रूप में अन्य सुविधाओं की कमी थी। इस बीमारी ने एक तरफ तो जाती पंथ, धर्म की परवाह किए बिना किसी को नहीं बख्शा और दूसरा तरफ 'अमीर–गरीब' दोनों को भी नहीं छोड़ा। अस्पताल में बिस्तर, ऑक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेंस, अस्पताल–कर्मचारी और श्मशान की कमी सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू थे।

आप ऐसे समय एक सार्वजनिक अस्पताल में अस्पताल प्रशासक है जब कोरोनावायरस ने बडी संख्या में लोगों पर हमला किया और अस्पताल में मरीजों का दिन–रात आना–जाना लगा रहता था।

(a) पूरी तरह से जानते हुए कि यह अत्यधिक संक्रामक रोग है और संसाधन तथा बुनियादी ढाँचे सीमित हैं, अपने नैदानिक और गैर–नैदानिक कर्मचारियों को रोगियों की देखभाल करने में लगाने के लिए आपके मानदंड और औचित्य क्या हैं?

(b) यदि आपका निजी अस्पताल है, तो क्या आपका औचित्य और निर्णय वैसा ही होता जैसा कि सार्वजनिक अस्पताल में? **(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)**

The coronavirus disease (CoVID-19) pandemic has quickly spread to various countries. As on May 8th, 2020, in India 56342 positive cases of corona had been reported. India with a population of more than 1-35 billion had difficulty in controlling the transmission of coronavirus among its population. Multiple strategies became necessary to handle this outbreak. The Ministry of Health and Family Welfare of India raised awareness about this outbreak and to take all necessary actions to control the spread of COVID-19. Indian Government implemented a 55-day lockdown throughout the country to reduce the transmission of the virus. Schools and colleges had shifted to alternative mode of teaching- learning-evaluation and certification. Online mode became popular during these days. India was not prepared for a sudden onslaught of such a crisis due to limited infrastructure in terms of human resource, money and other facilities needed for taking care of this situation. This disease did not spare anybody irrespective of caste, creed, religion on the one hand and have and have not' on the other. Deficiencies in hospital beds, oxygen cylinders, ambulances, hospital staff and crematorium were the most crucial aspects You are a hospital administrator in a public hospital at the time when coronavirus had attacked large number of people and patients were pouring into hospital day in and day out.

(a) What are your criteria and justification for putting your clinical and non-clinical staff to attend to the patients knowing fully well that it is highly infectious disease and resources and infrastructure are limited?

(b) If yours is a private hospital, whether your justification and decision would remain same as that of a public hospital? **(Answer in 250 words)**

Q. 11 भारत में स्थित एक प्रतिष्ठित खाद्य उत्पाद कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए एक खाद्य उत्पाद विकसित किया जा आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद उसका निर्यात शुरू कर दिया। कंपनी ने इस उपलब्धी की घोषणा की ही संकेत भी दिया कि जल्द ही यह उत्पाद घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगभग समान गुणवत्ता और स्वास्थ्य लाभ के मा उपलब्ध कराया जाएगा। तदनुसार, कपनी ने अपने उत्पाद को घरेलू सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कराया और उस को भारतीय

बाजार में लॉन्च किया। कंपनी ने समय के साथ बाजार में अपना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्याप्त लाभ अर्जित किया। हालांकि, निरीक्षण दल द्वारा किए परीक्षण में पाया गया कि सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त अनुमोदन से भिन्न उत्पाद का जाँच में यह भी पता चला कि खाद्य कंपनी न केवल ऐसे उत्पादों को बेच रहा कर रहे थे बल्कि अस्वीकृत निर्यात उत्पाद को भी घरेलू बाजार में बेच रही थी। इस प्रकरण ने खाद्य कंपनी की प्रतिष्ठा और लाभदायकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।

(a) घरेलू बाजार के लिए निर्धारित खाद्य मानकों का उलंघन करने और अस्वीकृत निर्यात उत्पादों को घरेलू बाजार में बेचने के लिए खाद्य कंपनी के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी द्वारा आप क्या कार्रवाई की कल्पना करते है?

(b) संकट को हल करने और अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने के लिए खाद्य कंपनी के पास क्या क्रियाविधि उपलब्ध है?

(c) मामले में निहित नैतिक दुविधा की जाँच कीजिए। **(उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)**

A Reputed food product company based in India developed a food product for international market and started exporting the same after getting necessary approvals. The company announced this achievement and also indicated that soon the product will be made available for the domestic consumers with almost sane quality and health benefits. Accordingly, the company got its product approved by the domestic competent authority and launched the product in Indian market. The company could increase its market share over a period of time and earned substantial profit both domestically and internationally. However, the random sample test conducted by inspecting team found the product being sold domestically in variance with the approval obtained from the competent authority. On further investigation, it was also discovered that the food company was not only selling products which were not meeting the health standard of the country but also selling the rejected export products in the domestic market. This episode adversely affected the reputation and profitability of the food company.

(a) What action do you visualize should be taken by the competent authority against the food company for violating the laid down domestic food standard and selling rejected export products in domestic market?

(b) What course of action is available with the food company to resolve the crisis and bring back its lost reputation?

(c) Examine the ethical dilemma involved in the case. **(Answer in 250 words)**

(12) पवन पिछले दस वर्षों से राज्य सरकार में अधिकारी के पद पर कार्यरत है। नियमित स्थानांतरण के अतगत उस दूसर विभाग में तैनात किया गया। उसने अन्य पाँच साथियों के साथ एक नए कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यालय का प्रमुख एक वरिष्ठ अधिकारी था जो अपने कार्यालय की कायप्रणाली में निपुण था। सामान्य पूछताछ के दौरान पवन को पता चला कि वरिष्ठ अधिकारी का खुद का पारिवारिक जीवन अशांत होने के साथ-साथ वह कठोर और असंवेदनशील कवि वाला है। शुरू में लगा कि सब ठीक चल रहा है। हालांकि, कुछ समय बाद ही पवन ने महसूस किया कि उसका

वरिष्ठ अधिकारी आमतौर पर उसको अपमानित करता था और कभी कभी अविवेकी था। बैठकों में पवन जो भी सुझाव देता था उन्हें सिरे से खारिज कर दिया जाता था और दूसरों की उपस्थिति में वरीष्ठ अधिकारी नाराजगी व्यक्त करता था। यह अधिकारी के कामकाज की शैली का तरीका बन गया जिसमें उसको गलत ढंग से दिखाया जाता, उसकी कमजोरियों को उजागर किया जाता और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता था। यह स्पष्ट हो गया कि यद्यपि ये

काम से संबंधित कोई गंभीर समस्या / कामियाँ नहीं थी लेकिन वरिष्ठ अधिकारी हमेशा किसी न किसी बहाने से उसे डाँटता और उस पर चिल्लाता।

पवन के लगातार उत्पीड़न और सार्वजनिक आलोचना के परिणामस्वरुप उसके आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और समभाव को नुकसान पहुंचा। पवन ने महसूस किया कि वरिष्ठ आधिकारी के साथ उसके संबंध और अधिक विषाक्त होते जा रहे हैं तथा वह निरंतर तनावग्रस्त, चिंतित एवं दबाव महसूस करने लगा है। उसका मन नकारात्मक से भरा हुआ था और उसे मानसिक यातना, पीड़ा और व्यथा को झेलना पड़ रहा था। आखिरकार इसने उसके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। पर पर भी वह अब उल्लसित, प्रसन्न और संतुष्ट नहीं रहता था, बल्कि बिना किसी कारण के वह अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना आपा खो देता था। पारिवारिक वातावरण अब सुखद और अनुकूल नहीं रह गया था। उसकी पत्नी, जो हमेशा उसका साथ देती थी, वह नकारात्मकता और शत्रुतापूर्ण व्यवहार का शिकार हो गई । कार्यालय में उसके अपमान और उत्पीड़न के कारण उसके जीवन से आराम और खुशी लगभग गायब हो हो गई। इस प्रकार इसने उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाया।

(a) इस स्थिती से निपटने के लिए पवन के पास कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं।

(b) कार्यालय और घर में शांति, प्रशांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण लाने के लिए पवन को क्या दृष्टिकोण अप नाना चाहिए?

(c) एक बाहरी व्यक्ती के रुप में वरिष्ठ अधिकारी तथा अधीनस्थ दोनों के लिए इस स्थिती से उबरने और कार्यनिष्पादन, मानसिक तथा भावनात्मक स्वास्थ में सुधार के लिए आपके क्या सुझाव हैं?

(d) उपर्युक्त परिदृश्य में, आप सरकारी कार्यलयों में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के लिए किस प्रकार के प्रशिक्षण का सुझाव देंगे? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Pawan is working as an officer in the State Government for the last ten years. As a part of routine transfer, he was posted to another department. He joined in a new office along with five other colleagues. The head of the office was a senior officer conversant with the functioning of the office. As a part of general inquiry, Pawan gathered that his senior officer carries the reputation of being difficult and insensitive person having his own disturbed family life. Initially, all seem to go well. However, after some time Pawan felt that the senior officer was belittling him and at times unreasonable. Whatever suggestions given or views expressed by Pawan in the meetings were summarily rejected and the senior officer would express displeasure in the presence of others. It became a pattern of boss's style of functioning to show him in bad light highlighting his shortcomings and humiliating publically. It became apparent that though there are no serious work-related problems/shortcomings, the senior officer was always on one pretext or the other and would scold and shout at him. The continuous harassment and public criticism of Pawan resulted in loss of confidence, self-esteem and equanimity. Pawan realized that his relations with his senior officer are becoming more toxic and due to this, he felt perpetually tensed, anxious and stressed. His mind was occupied with negativity and caused him mental torture, anguish and agony. Eventually, it badly affected his personal and family life. He was no longer joyous, happy and contented even at home. Rather without any reason he would loose his temper with his wife and other family members. The family environment was no longer pleasant and congenial. His wife who was always supportive to him also became a victim of his negativity and hostile behaviour. Due to harassment and

humiliation suffering by him in the office, comfort and happiness virtually vanished from his life. Thus it damaged his physical and mental health.

(a) What are the options available with Pawan to cope with the situation?

(b) What approach Pawan should adopt for bringing peace, tranquillity and congenial environment in the office and home?

(c) As an outsider, what are your Suggestions for both boss and subordinate to overcome this situation and for improving the work performance, mental and emotional hygiene?

(d) In the above scenario, what type of training would you suggest for at various levels in the government offices? **(Answer in 250 words)**

■■■